संख्या–cm-599
**25/11/2023**

# मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुंगेर का किया शिलान्यास, फील्ड अस्पताल एवं शिशु गहन चिकित्सा इकाई का भी किया उद्घाटन

पटना, 25 नवम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज रिमोट के माध्यम से राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुंगेर के निर्माण कार्य का शिलान्यास, कोविड–19 आपातकालीन प्रतिक्रिया पैकेज चरण–2 के अंतर्गत सदर अस्पताल, मुंगेर के परिसर में 7.50 करोड़ रुपये की लागत से 100 शय्यावाले प्री–फैब फील्ड अस्पताल के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कोविड–19 आपातकालीन प्रतिक्रिया पैकेज चरण–2 के अंतर्गत सदर अस्पताल, मुंगेर के परिसर में 2.55 करोड़ रुपये लागत से प्री–फैब मेटेरियल से निर्मित 32 शय्यावाले शिशु गहन चिकित्सा इकाई का शिलापट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिला के जमालपुर प्रखंड के अंतर्गत बांक पंचायत के मंगरा पोखर संदलपुर में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह में उपस्थित सभी लोगों का मैं अभिनंदन करता हूं। मेडिकल कॉलेज के साथ–साथ यहां अस्पताल का भी निर्माण हो इसको लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दिया था। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य इसी वर्ष शुरू करायें। चुनाव वगैरह के चक्कर में न पड़कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करायें। 630 बेडों की राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बनाया जा रहा है, यहां बेडों की संख्या और बढ़ायें। जब निर्माण कार्य शुरू होगा तब हम फिर देखने आएंगे। उन्होंने कहा कि मुंगेर पौराणिक जगह है। हम हमेशा मुंगेर आकर घूमते रहे हैं। हमने ललन बाबू से कहा था कि आप मुंगेर से ही सांसद बनिए। आप लोगों से आग्रह है कि ललन बाबू को हमेशा सांसद बनाये रखिए। वर्ष 2005 से जब हमको बिहार में काम करने का मौका मिला, तब से हमलोगों ने विकास के कई काम किए हैं। एक–एक चीजों पर ध्यान दिया है। हमलोग काम करनेवाले लोग हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कल मीडियावालों पर केंद्र ने कब्जा कर लिया है। हमलोग मीडिया के पक्षधर हैं। मीडिया वाले अच्छे लोग हैं लेकिन इन्हें वे लोग लिखने नहीं देते हैं। केंद्र के दो नेता का ही आजकल प्रचार–प्रसार होता है, उनकी बातों को ही छापा जाता है। हमलोग सबके हित में बात कर रहे हैं। हमलोगों ने दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री से पूरे देश में जातीय जनगणना कराने की मांग की थी लेकिन वे लोग नहीं सुने। हमलोगों ने बिहार में सभी पार्टियों की सर्वसम्मति से जाति आधारित गणना करायी। एक–एक परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी ली गई है। पहले अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति को 1 प्रतिशत आरक्षण मिलता था। अब अनुसूचित जाति का आरक्षण बढ़ाकर 20 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति का 2 प्रतिशत कर दिया गया है। पिछड़ों, अतिपिछड़ों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को बढ़ाकर अब 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इसको लेकर बिहार विधानसभा और बिहार विधान परिषद् से सर्वसम्मति से विधेयक

को पास किया गया। हमलोगों ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट को पब्लिश कर दिया है और उसके अनुसार योजना बनाकर लोगों को मदद देने का काम किया जा रहा है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा पहले से ही 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है जिसे हमलोगों ने पूरी तरह समर्थन दिया था। इसे मिलाकर अब बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया है। हमलोग हर गरीब परिवार को 2 लाख रुपये की मदद करेंगे ताकि उससे लोग कोई रोजगार कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी पहले से हमलोग बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। विशेष राज्य के दर्जे को लेकर अभियान चलायेंगे, इसमें आपलोगों का समर्थन चाहिए। हमलोग एकजुट होकर बिहार को आगे बढ़ायेंगे। मुख्यमंत्री के आह्वान पर कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने अपने—अपने स्थान पर खड़े होकर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग से संबंधित केंद्र सरकार को भेजे गए प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अपने बलबूते बिहार से गरीबी खत्म करने में 5 साल लगेंगे लेकिन अगर विशेष राज्य का दर्जा मिल जाय तो 2 साल में यहां की गरीबी खत्म हो जायेगी। केंद्र की सरकार कोई काम नहीं कर रही है सिर्फ अपना प्रचार—प्रसार कर रही है। हमलोग अपने काम में लगे रहते हैं। राज्य के विकास के लिए एक—एक काम पर ध्यान देते हैं। यहां के लोग जब भी हमें बुलायेंगे, हम यहां आते रहेंगे। यहाँ से मुझे काफी लगाव है। मैं इस पौराणिक धरती को नमन करता हूँ और आप सभी को बधाई देता हूँ।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को पौध गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि और नेताओं ने फूलों की बड़ी माला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी श्री अवनीश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया।

जनसभा को उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ श्री ललन सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने भी संबोधित किया। मुंगेर के जिलाधिकारी श्री अवनीश कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ0 अजय कुमार सिंह, विधायक श्री राजीव कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री विजय कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री अजय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री श्री शैलेश कुमार, पूर्व विधान पार्षद श्री संजय प्रसाद, बिहार राज्य अति पिछड़ा आयोग के सदस्य श्री ज्ञानचंद पटेल, मुंगेर के जदयू जिलाध्यक्ष श्री नचिकेता मंडल, राजद के जिलाध्यक्ष श्री त्रिलोकी प्रसाद शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री अवनीश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री जग्गूनाथ जाला रेड्डी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

******